एसीटी एक्सलरेटर

drishtiias.com/hindi/printpdf/act-accelerator

चर्चा में क्यों?

कार्ल बिल्ट (Carl Bildt) को 'एक्सेस टू कोविड-19 टूल्स एक्सलरेटर' (ACT-Accelerator) के लिये विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के विशेष दूत के रूप में नियुक्त किया गया है।

'एसीटी एक्सलरेटर' कोविड-19 परीक्षण, उपचार और टीकों के विकास, उत्पादन तथा न्यायसंगत पहुँच में तेज़ी लाने के लिये एक वैश्विक सहयोग है।

प्रमुख बिंदु:

एसीटी एक्सलरेटर:

- इसे अप्रैल 2020 में WHO के महानिदेशक, फ्राँस के राष्ट्रपति, यूरोपीय आयोग के अध्यक्ष और बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में लॉन्च किया गया था।
- यह सरकारों, वैज्ञानिकों, व्यवसायों, नागरिक समाज और समाज सेवी वैश्विक स्वास्थ्य संगठनों को एक साथ लाता है।
  इसके प्रतिभागियों में बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन, सेपी (CEPI), फाउंडेशन फॉर इनोवेटिव न्यू डायग्नोस्टिक्स (FIND), गावी (GAVI), द ग्लोबल फंड, यूनिटेड (Unitaid), वेलकम ट्रस्ट (लंदन), WHO और विश्व बैंक शामिल हैं।
- इसका उद्देश्य महामारी को समाप्त करना, विश्व स्तर पर सामाजिक और आर्थिक गतिविधियों को पूर्ण रूप से बहाल करना तथा कोविड-19 रोग के उच्च-स्तरीय नियंत्रण की सुविधा प्रदान करना है।
- एसीटी एक्सलरेटर के कार्यों को चार स्तंभों में व्यवस्थित किया जाता है:
  - निदान, उपचार, टीका और स्वास्थ्य प्रणाली को मज़बूत बनाना।
  - प्रत्येक स्तंभ समग्र प्रयास के लिये महत्त्वपूर्ण है और इसमें नवाचार एवं सहयोग शामिल है।

कोवैक्स:

- कोवैक्स (COVAX) 'एसीटी एक्सलरेटर' के चार स्तंभों में से एक है।

- यह विश्व के सभी कोनों में लोगों की मुफ्त कोविड-19 वैक्सीन तक पहुँच सुनिश्चित करने का प्रयास है।
    - इसका प्रारंभिक उद्देश्य वर्ष 2021 के अंत तक 2 बिलियन खुराक उपलब्ध कराना है, जो उच्च जोखिम वाले और कमज़ोर लोगों के साथ फ्रंटलाइन स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा के लिये पर्याप्त रूप से उपलब्ध होनी चाहिये।
- विकसित और विकासशील देशों के वैक्सीन निर्माताओं के साथ साझेदारी में काम कर रहे गावी (GAVI), 'कोलेशन फॉर एपिडेमिक रेडीनेस इनोवेशन' (CEPI) और WHO के सह-नेतृत्व में इसका विकास किया गया है।
- **भारत की भूमिका:**
    - भारत ने COVAX सुविधा के तहत अफ्रीका को कोविड-19 टीके भेजना शुरू कर दिया है।
    - 'सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया' (SII) ने 'गावी' तथा 'बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन' से भारत और अन्य गरीब देशों को कोविड-19 वैक्सीन (200 मिलियन खुराक) की आपूर्ति को दोगुना करने के लिये 'गावी कोवैक्स सुविधा' (Gavi COVAX Facility) के तहत धन प्राप्त किया।

एसीटी एक्सलरेटर का महत्त्व:

- एसीटी एक्सलरेटर के लिये यह एक महत्त्वपूर्ण समय है जब दुनिया कोविड-19 के टीके तथा निदान पेश कर रही है।
- यह विश्व स्तर पर टीकों के असमान वितरण और नई समस्याओं का समाधान करने में मदद करेगा।

कॉर्टिकोस्टेरॉइड्स:

- कॉर्टिकोस्टेरॉइड्स दवा का एक वर्ग है जो शरीर में उत्तेजक क्रियाओं को कम करता है। यह प्रतिरक्षा प्रणाली गतिविधि को भी कम करता है।
- सूजन, खुजली, लालिमा और एलर्जी जैसी प्रतिक्रियाओं को कम करता है, इस प्रकार इसका उपयोग अस्थमा, गठिया, एलर्जी आदि के उपचार में किया जाता है।
- कॉर्टिकोस्टिरॉइड्स कोर्टिसोल से मिलता-जुलता है, जो शरीर की एड्रीनल ग्रंथियों द्वारा स्वाभाविक रूप से निर्मित एक हार्मोन है। स्वस्थ रहने के लिये शरीर को कोर्टिसोल की आवश्यकता होती है।
    - कोर्टिसोल शरीर में प्रक्रियाओं की एक विस्तृत श्रृंखला है, जिसमें उपापचय, प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया और तनाव संबंधी प्रक्रियाएँ शामिल हैं।

स्रोत- डाउन टू अर्थ